ई-मेल द्वारा

सं.12015/13/2018 – रा.भा.(तक.)
भारत सरकार
राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय

एनडीसीसी-।। भवन, जंतर मंतर,
जयसिंह रोड, नई दिल्ली-110001

दिनांक: 29.09.2022

कार्यालय ज्ञापन

विषयः- "अनुवाद टूल-कंठस्थ 2.0" का अधिकतम प्रयोग सुनिश्चित करने के संबंध में ।

राजभाषा विभाग द्वारा सी-डैक के माध्यम से "मेमोरी आधारित टूल-कंठस्थ" का निर्माण करवाया गया था । माननीय प्रधानमंत्री जी के विजन "आत्मनिर्भर भारत तथा स्थानीय के लिए मुखर हो (be vocal for local)" से प्रेरणा लेते हुए इस टूल को आधुनिक सुविधाओं (जैसे न्यूरल मशीन अनुवाद, वायस टाइपिंग आदि) के साथ और अधिक उन्नत करने के उद्देश्य से इसका नवीन संस्करण कंठस्थ 2.0 विकसित किया गया है ।यह टूल केंद्र सरकार के कामकाज में अत्यधिक मात्रा में नियमित आधार पर किए जाने वाले अनुवाद कार्य में लगने वाले अतिशय मानव संसाधन और समय को बचाने में उपयोगी साबित होगा।

2. दिनांक 14 सितम्बर, 2022 को आयोजित हिंदी दिवस समारोह एवं द्वितीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन, सूरत में कंठस्थ 2.0 का लोकार्पण माननीय केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री जी द्वारा किया गया ।

3. कृपया अपने मंत्रालय/विभाग/अधीनस्थ कार्यालयों में इस स्वदेशी अनुवाद टूल का अधिकतम प्रयोग सुनिश्चित करवाने के लिए समुचित दिशा-निर्देश जारी करें ।

4 कंठस्थ 2.0 के उपयोग के संदर्भ में शीघ्र ही प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे । इसकी सूचना कंठस्थ की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी । कंठस्थ 2.0 टूल पर कार्य करने वाले कार्मिक अपने सुझाव कंठस्थ में उपलब्ध फीडबैक टैब पर भेज सकते हैं।

मीनाक्षी जौली

(डॉ॰ मीनाक्षी जौली)
संयुक्त सचिव (राजभाषा)

प्रतिलिपि:

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालयों /विभागों के संयुक्त सचिव (प्रशासन)/ विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष ।
2. सभी केन्द्रीयकृत सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ।
3. सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ।
4. सभी नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) के अध्यक्ष ।

https://www.staffnews.in